डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस
अध्यक्ष

Dr. N. VINODKUMAR, IPoS
CHAIRPERSON

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
प्रशासनिक कार्यालय, हेडलैण्ड सडा, मुरगांव, गोवा – 403804.
MORMUGAO PORT AUTHORITY
(MINISTRY OF PORTS, SHIPPING & WATERWAYS, GOVT. OF INDIA)
ADMINISTRATIVE OFFICE, HEADLAND SADA, MORMUGAO, GOA - 403 804.

संदेश

मुरगांव पत्तन परिवार के प्रिय सदस्यों एवं पत्तन से जुड़े सभी कर्मियों और संस्थाओं को "हिंदी दिवस" के शुभ अवसर पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ ।

मुरगांव पत्तन परिवार के लिए यह गौरव की बात है कि हमारे कार्यालय को हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न कार्यक्रम में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु लगातार तीन वर्षों अर्थात 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित राजभाषा शील्डों से सम्मानित किया गया । यह राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के प्रति हमारी निष्ठा और कर्मठता को दर्शाता है ।

भारत विविधताओं का देश है । हमारे देश में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। तथापि, हिंदी भारत के जन-जन की भाषा है, जिसने हमारे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया है और अनेकता में एकता की भावना को जीवंत रखा है । अपनी सरलता, सुबोधता और पहुंच के कारण ही हिंदी ने भारत की राजभाषा बनने का गौरव प्राप्त किया है ।

हिंदी की इसी महत्ता को ध्यान में रखते हुए मुरगांव पत्तन प्राधिकरण में दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिस दौरान हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु पत्तन कर्मियों एवं मुरगांव तालुका स्थित स्कूली बच्चों तथा वास्को स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताएं/ गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

मैं सभी से आग्रह करता हूं कि हिंदी के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व समझते हुए अधिकाधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में सहभाग लें तथा अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित कर "हिंदी पखवाड़ा समारोह" को सफल बनाएं।

इस अवसर पर मैं आप सभी से अपील करता हूं कि अपने अधिक से अधिक दैनंदिन कार्य हिंदी में करने का संकल्प लेते हुए मूल कार्य में सरल और सहज हिंदी का हर संभव प्रयास करें । इस प्रकार प्रतिदिन हिंदी से जुड़ी छोटी से छोटी पहल भी राजभाषा की प्रगति व विकास में महत्वपूर्ण सिध्द होती है।

जय हिंद, जय हिंदी ।

विनोदकुमार एन

(डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस)

दिनांक :- 14 सितंबर, 2023